

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है : शुक्ल

## प्रधानमंत्री अपने कार्यों से जनता की जिंदगी बदलने का काम कर रहे हैं : जनार्दन, भाजपा कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 सितम्बर, भाजपा संभागीय कार्यालय अटल कुंज रीवा में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा किप्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है.**



प्रधानमंत्री जी ने भारत को विश्व गुरू बनाने के साथ वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए स्वदेशी का जो नारा दिया है उसे हम सभी को अपने जीवन में धारण करना होगा, प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया है. प्रधानमंत्री जी जनता को जनार्दन मानते है. ऐसे में मानवता की सेवा के लिए हम सभी कार्यकर्ता सेवा पखवाडे के तहत जनता के सेवा के कार्यो में जुटें हैं. उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश को प्रधानमंत्री जी जैसा सशक्त और वैश्विक नेतृत्व का होना जरूरी है. पार्टी कार्यकर्ता लोगों को यह भी बताएं कि 2014 के पहले का भारत कैसा था और प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत सशक्त, समृद्ध और गौरवशाली राष्ट्र के रूप में वैश्विक पटल पर अपनी अलग पहचान बना रहा है. रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा किप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यों से देश की जनता की जिंदगी बदलने का कार्य कर रहे हैं. हर देशवासी के जीवन में गुणात्मक बदलाव के कारक बने हैं भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भारत के निर्माण के साथ आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं. सेवा पखवाडे के तहत केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाकर प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प में अपनी भूमिका निभाएं. भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा शुरू हो चुका है. जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ. जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान दिया. स्वच्छता अभियान, प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन परिचय से कार्यकर्ता अवगत होंगे. प्रदर्शनी उद्घाटन अवसर पर विधायक नरेंद्र प्रजापति, कमलेश्वर सिंह, विद्या प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम सिंह, रमेश गर्ग मौजूद रहे.

# मुख्यमंत्री के सभा स्थल का विधायक ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 18 सितम्बर, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 19 सितम्बर को त्योंथर विधानसभा के बघेड़ी कृषि उपज मंडी परिसर चाकघाट में आयोजित विंध्य विकास सम्मेलन में शामिल होंगे.**


इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि कार्यों का भूमिपूजन करेंगे. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए लगातार तैयारी बैठकें कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कार्यक्रम को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रयासरत हैं।मुख्यमंत्री के आगमन एवं स्वागत की तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा चुका है.

विधायक सिद्धार्थ तिवारी तिवारी राज ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा कर सारी व्यवस्थाएं देखी एवं अवश्य दिशा निर्देश दिए. इस अवसर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रायपुर सोनौरी वेद प्रकाश मिश्रा, त्योंथर घनश्याम एवं गढ़ी मंडल के अध्यक्ष समीर सिंह एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे.

# चोरी के आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस, एसपी से शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 सितम्बर, जिले सहित क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है. वही पुलिस चोरी की वारदातो का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है. हनुमना थाना क्षेत्र के बढैया गांव में चोरी की रिपोर्ट हनुमना थाना में दर्ज कराई गई.**



जहां पीड़ित के द्वारा 27 अगस्त 2025 की रात को चोरों ने लाखों रुपए का माल उड़ा ले गया. जहां पीड़ित महेंद्र कुमार साहू के द्वारा हनुमना थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें सोने चांदी के जेवरात कैसे सहित घरेलू सामग्री लाखों की चोरी हुई थी. वही हनुमना पुलिस के द्वारा अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस की लापरवाही सामने आई जहां पीड़ित के द्वारा पुलिस अधीक्षक मऊगंज में शिकायत की गई. वहीं चोरी की खुलासा करने की मांग की गई है. लेकिन अभी तक चोरों तक पुलिस न पहुंच पाने के कारण मांग कि गई है की चोरी की खुलासा किया जाए लेकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत कई जगह चोरी की घटना हुई है लेकिन अभी तक चोरों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है. अब यह देखना होगा कि पुलिस के द्वारा चोरों तक पहुंच पाती है कि यूं ही लापरवाही सामने आती रहेगी.

# मऊगंज में वरिष्ठजनों की जांच के लिए शिविर एक अक्टूबर को

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 सितम्बर, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा बुजुर्गों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं.**

मऊगंज जिले में जनपद पंचायत मऊगंज के सभागार में एक अक्टूबर को शिविर लगाया जा रहा है. इसमें जनपद पंचायत नईगढ़ी, हनुमना तथा मऊगंज एवं नगर परिषद नईगढ़ी, हनुमना एवं मऊगंज के हितग्राहियों की जाँच की जाएगी. इनमें कृत्रिम अंग के लिए पात्र पाए गए बुजुर्गों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम तथा एलिम्को संस्था द्वारा नि:शुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे.

कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मऊगंज को शिविर के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा है कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृत्रिम अंग के लिए पात्र बुजुर्गों का चिन्हांकन करके उन्हें शिविर से लाभान्वित कराएं.



मऊगंज में विधायक सेवा पखवाड़े के दौरान पोषण आहार किट देते हुए

# मऊगंज में विधायक ने किया सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 सितम्बर, मऊगंज जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है.**

जिला मुख्यालय में सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के शिविर में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सेवा से स्वच्छता अभियान में हर व्यक्ति भागीदारी निभाए. अपने जिले को साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है. स्वच्छता सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा पोषण जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. कार्यक्रम में विधायक ने स्वच्छता की शपथ दिलाई. सेवा पखवाड़े में सिविल अस्पताल मऊगंज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा अन्य महिलाओं की नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच के लिए शिविर लगाया गया. शिविर स्थल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया. कार्यक्रम स्थल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण जागरूकता प्रदर्शनी तथा आकर्षक रंगोली का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में क्षयमुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्रों द्वारा क्षय रोगियों को पोषण आहार किट दिया गया. विधायक श्री पटेल तथा नगर परिषद अध्यक्ष बृजबिहारी पटेल ने पोषण आहार किट का वितरण किया. कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता आदि मौजूद रहे.

# विश्वकर्मा जयंती पर भंडारे में बांटा गया प्रसाद

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 सितम्बर, प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष 17 सितम्बर को कामता प्रसाद विश्वकर्मा एवं विश्वकर्मा परिवार द्वारा गुढ़ नगर के लोगो के सहयोग से भगवान विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव समारोह बड़े उल्लास के साथ बस स्टैण्ड स्थिति नीलकण्ठ मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया.**



सर्व प्रथम कामता प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना सुख समृद्धि की कांमना के साथ हवन पूजन किया गया. तत्पश्चात बाद तीन बजे से देर शाम तक बूदी पूड़ी का भण्डारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया तथा देर शाम बाद सुन्दर काण्ड पाठ के बाद मध्य रात्रि कार्यक्रम का समापन किया गया.

इस आवसर पर गुढ़ नगर के विश्वकर्मा परिवार सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

## सर्व समाज व्यापारी संघ जिला मऊगंज का होगा गठन

मऊगंज, 18 सितम्बर, मऊगंज में सर्व व्यापारी संघ का गठन होगा, जिसके गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. इस संघ में सभी वर्ग के लोगों को जो व्यापार करते हैं उन्हें शामिल किया जा रहा है, यह संघ गैर राजनीतिक होगा, जिसका किसी दल से कोई संबंध नहीं होगा. सिर्फ व्यापारियों के हितों का संरक्षण, उत्थान एवं सुरक्षा महत्वपूर्ण होगा. संगठन बनने से व्यापारियों को लाभ होगा और अपनी बात को वह मजबूती से रख सकेगे.

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में लोगों को किया जागरुक

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 सितम्बर, प्रधा नमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद गुढ़ द्वारा पी.एम.श्री शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय गुढ़ में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**




इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता अनंत कुमार गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता बी.के. पांडेय उपस्थित रहे. अतिथियों ने छात्र-छात्राओं और नगरवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई कि अपने घरों, मंदिरों, जलाशयों व आसपास की सफाई पर ध्यान दें, नालियों में कचरा न डालें, कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्र कर नगर परिषद की गाड़ियों में डालें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और कपड़े की थैलियों का प्रयोग बढ़ाएं. कार्यक्रम के पश्चात स्वच्छता रैली भी निकाली गई, जिसमें सड़कों पर खुले में कचरा न फेंकने का संदेश दिया गया. इस अवसर पर संतोष कुमार पटेल, शिव भूषण त्रिपाठी, राजेश्वर दयाल उपाध्याय, विकास लोनीय, राहुल सोनी, शिवमोहन अग्निहोत्री, प्रभानंद पटेल, विवेक पांडेय मौजूद रहे.

# पखवाडा अभियान के तहत रामनगर में सफाई अभियान चलाया गया

**नवभारत न्यूज**

**सतना 18 सितंबर. राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है।**

सेवा पखवाडा अभियान अभियान के तहत बुधवार को मैहर जिले की तहसील रामनगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया।इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर, देवराजनगर सहित शहर की गलियों और चैराहों में साफ-सफाई की गई। जिसमें अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सफाई अभियान में भाग लेते हुए लोगों से स्वच्छता बनाए रखने और अभियान को सफल बनाने की अपील की।इस मौके पर रामनगर एसडीएम एसपी मिश्रा, तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार ललित धुर्वे, रोशन रावत, बीएमओ डॉ. आलोक अवधिया, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय कुमार रवि, नगर पालिका अधिकारी लखन लाल ताम्रकार, नगर परिषद अध्यक्ष दीपा दीपू मिश्रा, आशुतोष गुप्ता (सूरज), पूर्व जनपद सदस्य व संविदाकार कालिका पटेल एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# साफ-सफाई के साथ वृक्षारोपण कर मनाया गया पीएम का जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 18 सितम्बर, प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के 75 में जन्म दिवस पर जहां समूचे राष्ट्र के साथ विश्व के अनेक राष्ट्रों में उनकी जन्म जयंती मनाई गई.**

वहीं मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने अलग अंदाज में अपने नेता का जन्म दिवस मनाया जहां हनुमान नगर में सुबह पुराने आरटीओ चेक पोस्ट के पास साफ सफाई एवं वृक्षारोपण किया गया. वही शाम को नगर आराध्य श्रीहनुमान जी महाराज के मंदिर पहुंचकर लड्डुओं का भोग लगाकर पूजा अर्चना कर मोदी जी के सुखी स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की तत्पश्चात विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वरिष्ठ भाजपा नेता सरयूप्रसाद वैद्य के आवास श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय पहुंचकर भगवान बैकुंठ नाथ के दर्शन पश्चात वैद्य जी को माल्यार्पण तथा कमल पुष्प समर्पित कर मुख मीठा कराकर उनसे आशीर्वाद लेते हुए मोदी जी



के साथ ही वैद्य जी के भी सुखी स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना परमात्मा नारायण से करते हुए भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित मिश्रा ने कहा कि विंध्य में जनसंघ के संस्थापकों में से एकमात्रश्रद्धेय बैद्य जी जैसी विभूति हम सबके बीच आज भी हम सबका मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध है पूज्य बाबूजी हम सबके ही नहीं बल्कि समूचे विंध्य के गौरव है.

मंडल उपाध्यक्ष लवकुश गुप्ता ने कहा कि भगवान मोदी जी के साथ आदरणीय पूज्य बाबूजी को भी सुखी स्वस्थ व दीघा प्रदान करें. इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला रितेश गुप्ता लवकुश गुप्ता उमाकांत मिश्रा रविंद्र पांडे उमेश पाल अमृतलाल प्रजापति उमेश सिंह आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही.

**शक्ति केंद्र में सफाई अभियान व वृक्षारोपण** -दूसरी ओर सेवा पखवाड़े के तहत शक्ति केंद्र क्रमांक बडकुड़ा स्थित परमेश्वर मंदिर परिसर में गाजर घास तथा खरपतवार की साफ सफाई कर वृक्षारोपण का कार्य किया गया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला राजेश गुप्ता राजेश शुक्ला प्रीति गुप्ता मौजूद रहे.

# मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के आगमन से होगा क्षेत्र का विकास

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 18 सितम्बर, तीन पीढ़ी से राजनीतिक क्षितिज में अपनी पहचान बनाने वाले त्योथर क्षेत्र के वर्तमान विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज के हाथों यहां की जनता ने कमान सौंपी है.**

आपात काल के बाद हुए 1977 में विधानसभा के चुनाव में त्योंथर क्षेत्र की जनता ने सिद्धार्थ तिवारी के बाबा पंडित श्रीनिवास तिवारी के हाथों में इस क्षेत्र की कमान सौंपी थी. दो पंचवर्षीय योजनाओं में श्रीनिवास तिवारी त्योथर क्षेत्र के विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री भी रहे. त्योंथर आंचल में राजनीतिक चेतना का व्यापक विस्तार उनके कार्यकाल में हुआ. उन्होंने पहली बार इस अंचल में पंच सरपंच सम्मेलनों के माध्यम से वास्तविक रूप से जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को आगे लाने का काम किया था. इसके पहले तक ग्रामीण क्षेत्रों में पंच सरपंच चाहे जो चुना जाए लेकिन नाम होता था वहां के बड़े घराने का. उस समय तक तो वास्तविक पंच सरपंच को पता ही नहीं रहता था कि वे चुन लिए गए हैं. उनको तो केवल अपने आका मलिक के निर्देश पर ही जहां तहां- अंगूठा लगाना पड़ता था. उस समय श्रीनिवास तिवारी जी ने पंच सरपंच सम्मेलन के माध्यम से इस अंचल में उन लोगों को जगाने का काम किया था जो वास्तविक जनप्रतिन थे.

सिद्धार्थ तिवारी के पिताजी सुंदर लाल तिवारी रीवा संसदीय क्षेत्र से संसद भी चुने गए थे. तीसरी पीढ़ी के सिद्धार्थ तिवारी ने पहले कांग्रेस पार्टी से लोकसभा का चुनाव लड़ा और उस समय उन्हें पराजय मिली थी. भाजपा में शामिल होकर विधायक बने. आगामी 19 सितंबर को त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन हो रहा है. इसका श्रेय निश्चित रूप से विधायक सिद्धार्थ तिवारी को है जिसके कारण से मुख्यमंत्री जी ने त्योंथर आने की घोषणा देवतालाब कार्यक्रम में की थी. यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं. नदी है,

समतल मैदान है, कृषि योग्य उपजाऊ मैदान है. वन क्षेत्र है, व्यापारी केंद्र है, यातायात के सुगम संसाधन हैं. ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री जी चाकघाट में आगमन इस अंचल को विकास की एक नई धारा से जोड़ेगा. इस विधानसभा क्षेत्र का इकलौता रेलवे स्टेशन माझियारी को विकसित किया जाकर कई महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों का ठहराव वहां किया जा सकता है.



# एक दिवसीय उन्नमुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिरमौर 18 सितम्बर। जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत शालाओं में कार्यरत स्व सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिव का एकदिवसीय उन्नमुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर एवं आयोजक विकासखंड स्त्रोत समन्वक बृजेंद्र गौतम जनपद शिक्षा केंद्र सिरमौर के मार्गदर्शन में किया गया।**

मुख्य अतिथि द्वारा पीएम पोषण के तहत कार्यरत समूह के अध्यक्ष एवं सचिवों को मध्यान भोजन की गुणवत्ता साफ सफाई एवं मीनू अनुसार छात्रों को भोजन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया उपरोक्त कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केंद्र के बीएसी एवं जन शिक्षक हरीश कुमार द्विवेदी कमलेश साकेत राजेश गौतम अजय कुमार सोनी अनिल शुक्ला एवं विकासखंड अंतर्गत कार्यरत स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य केंद्र ने दी किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 18 सितम्बर, स्थानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारत सरकार की योजना के तहत चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्तपरिवार अभियान के तहत नेहरू स्मारक महाविद्यालय में किशोर बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी हेतु शिविर का आयोजन किया गया.**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता रोहित सिंह बघेल द्वारा किशोरियों एवं उसके आसपास रहने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विशेष रूप से माहवारी स्वच्छता एवं पोषण आरटीआई एसटीआई आज के बारे में विस्तार से बताया गया. इस अवसर पर उपस्थित किशोरियों से प्रश्नोत्तरी के दौरान किशोरियों के लिए पोषण संबंधी पदार्थों के सेवन सुरक्षा पर विशेष प्रकाश डाला गया.